**भारत की राष्ट्रपति,**
**श्रीमती द्रौपदी मुर्मु**
**का**
**नागरिक अभिनन्दन समारोह तथा कई परियोजनाओं की आधारशिला रखने और राष्ट्र को समर्पित करने के अवसर पर सम्बोधन**

**गंगटोक, 04 नवम्बर, 2022**

**आज आप सबके बीच यहां सिक्किम में आकर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। पूर्वी हिमालय क्षेत्र में स्थित सिक्किम भारत के सबसे सुंदर प्रदेशों में से एक है। विश्व के तीन सबसे ऊंची चोटियों में से एक कंचनजंगा यहीं पर हैं, जिसे इस क्षेत्र की देवी के रूप में पूजा जाता है। मैं देवी को प्रणाम करते हुए सिक्किम की जनता की प्रगति और खुशहाली की कामना करती हूं।**

**सिक्किम में बर्फ से ढ़की हुई चोटियां, घने जंगल, औषधीय वनस्पति, रमणीक झीलें तथा पवित्र तीस्ता और रंगीत नदियां और दुर्लभ जीव-जंतु पाए जाते है। जो इसके प्राकृतिक सौंदर्य को और अधिक आकर्षक बनाते हैं। सिक्किम की एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है जिसमें विभिन्न समुदायों की संस्कृतियों की झलक देखने को मिलती है। सिक्किम ने संस्कृति, सिनेमा, साहित्य तथा खेल जगत में राष्ट्रीय स्तर की अनेक प्रतिभाएं दी है। एक माह से कम समय में पूर्वोत्तर की यह मेरी दूसरी यात्रा है। आप सबके स्नेह और अभिनंदन से, मैं अभिभूत हूं, और आज के स्वागत के लिए मैं ह्रदय से आप सबका आभार व्यक्त करती हूं।**

**सिक्किम की मेरी इस यात्रा के दौरान मुझे शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन तथा सड़क से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करके प्रसन्नता हो रही है। मुझे आशा है कि इन परियोजनाओं से सिक्किम के विकास को एक नयी गति मिलेगी तथा यहां की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।**

देवियो और सज्जनो,

मुझे यह जानकर खुशी हुई है कि 80 प्रतिशत से अधिक की साक्षरता दर के साथ शिक्षा की दृष्टि से सिक्किम देश के अग्रणी राज्यों में से एक है। मुझे बताया गया है कि उच्च शिक्षा के enrolment में, सिक्किम देश में प्रथम स्थान पर है। मुझे यह जानकर विशेष ख़ुशी हुई है कि सिक्किम में लड़कों की तुलना में, लड़कियों का नामांकन अधिक है। भारत रत्न डॉक्टर बाबासाहेब आम्बेडकर ने कहा था कि एक समाज का समुचित विकास तभी माना जाएगा जब उसमें महिलाएं सशक्त और समृद्ध होंगी। यह शिक्षा के प्रति सिक्किम के लोगों की प्राथमिकता को दर्शाता है। इस उपलब्धि के लिए सिक्किम के सभी निवासी प्रशंसा के पात्र हैं।

इसी कड़ी में, आज V.C. Ganju Lama बालिका छात्रावास का उद्घाटन और NIT सिक्किम के नए परिसर का शिलान्यास करके मुझे बहुत प्रसन्न्ता हुई है। मुझे पूरा विश्वास है कि NIT Sikkim, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत, एक holistic and multi-disciplinary शिक्षा प्रदान करने वाला, देश का एक उत्कृष्ट शिक्षण केन्द्र होगा।

राज्य की अर्थव्यवस्था के विकास में बेहतर connectivity का महत्वपूर्ण योगदान होता है। आज मुझे रंग्पो में अटल सेतु Via Duct और Chisopani Traffic Tunnel का उद्घाटन करके प्रसन्नता हुई है। मुझे बताया गया है कि, लगभग एक किलोमीटर की लम्बाई वाला अटल सेतु, सिक्किम का सबसे बड़ा सेतु है। इस सेतु का नामकरण, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के नाम पर करना सर्वथा सार्थक है। सिक्किम के नाथुला को पश्चिम बंगाल से जोड़ने वाले नेशनल हाईवे पर Chisopani Traffic Tunnel सामरिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

Namchi को Soreng और Gyalshing जिलों से जोड़ने वाली नई सड़क परियोजना के पूरा होने पर प्रदेश के लोगों को यात्रा में, खासकर मानसून के समय, सुविधा होगी। इस सड़क परियोजना से राज्य के महत्वपूर्ण पर्यटन

स्थलों तक, पर्यटकों की पहुंच बढ़ेगी, जिससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। साथ ही इस क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। मैं इस परियोजना के सफल क्रियान्वन के लिए केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, पूर्वोत्तर विकास मंत्रालय तथा राज्य सरकार को बधाई देती हूं।

देवियो और सज्जनो,

पिछले महीने मुझे दिल्ली में आयोजित 'स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2022' प्रदान करने का सुअवसर मिला। उन पुरस्कारों में, स्वच्छता की विभिन्न श्रेणियों में सिक्किम को कुल 9 पुरस्कार प्राप्त हुए। मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि सिक्किम में देश के सभी राज्यों की तुलना में सबसे कम plastic waste generate होता है। यह स्वच्छता और sustainable development के प्रति सिक्किम के लोगों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मैं इन उपलब्धियों के लिए सिक्किम के लोगों की सराहना करती हूं। स्वच्छता का यह मॉडल सभी देशवासियों के लिए अनुकरणीय है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में सिक्किम ने प्रभावशाली उपलब्धियां हासिल की है। राज्य सरकार ने सभी नागरिकों को उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में सराहनीय प्रयास किए हैं। मुझे बताया गया है कि कोविड महामारी की रोकथाम के लिए, सिक्किम ने सबसे कम समय में, शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य प्राप्त किया। आज Singtam में आधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पताल के शिलान्यास से इस क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूती मिलेगी।

नामची में, ब्रह्मकुमारी World Renewal Spiritual Centre का शिलान्यास करके मुझे बहुत खुशी हुई है। इस केंद्र का उद्देश्य, लोगों के जीवन में आध्यात्मिक आदर्शों को जागृत करना और उन्हें गरिमापूर्ण जीवन जीने की ओर अग्रसर करना है। यह केंद्र सिद्धेश्वर धाम, बुद्ध पार्क और गुरु रिनपोचे की मूर्ति के पास है। जिससे सिक्किम आने वाले पर्यटक और तीर्थ

यात्री भी इस Spiritual Centre से लाभान्वित होंगे। मैं इस केंद्र की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं देती हूं।

देवियो और सज्जनो,

सिक्किम ने जैविक खेती का एक मॉडल बनकर देश के सभी राज्यों के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। सिक्किम को देश का पहला organic state होने का दर्जा प्राप्त है। सिक्किम ने plastics, pesticides और chemicals के उपयोग को बैन करके पर्यावरण अनुकूल विकास के नए मापदंड स्थापित किये है। मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि सिक्किम एक Power Surplus राज्य है। Renewable sources से power generate करने के क्षेत्र में सिक्किम पूरे देश में दूसरे स्थान पर है। सरकार द्वारा किये गए विशेष प्रयासों से सिक्किम में दूध उत्पादन दुगना और फल उत्पादन लगभग चार गुना हो गया है। सिक्किम के समग्र विकास के लिए मैं राज्यपाल श्री गंगा प्रसाद जी, मुख्यमंत्री श्री प्रेम सिंह तमांग जी तथा उनकी पूरी टीम और राज्य के सभी लोगों को बधाई देती हूं।

मैं सिक्किम की प्रगति और यहां के निवासियों की समृद्धि की मंगल कामना करती हूं। सिक्किम की सुंदरता और यहां के लोगों का गर्मजोशी भरा आतिथ्य, मेरी स्मृति में सदैव अंकित रहेगा।

आज मुझसे कुछ ग्रुप मिले और यहां की समस्याएं बताईं। हम सब जानते हैं कि भारत एक ऐसा देश है जहां भिन्न-भिन्न जाति, धर्म और वर्ग के लोग रहते हैं, इसीलिए भारत को Unity in Diversity कहा जाता है। समस्याएं बहुत हैं लेकिन North-East की समस्याओं के समाधान के लिए केंद्र सरकार का विशेष प्रयास है। इनके समाधान के लिए सरकार अनेक कदम उठा रही है - चाहे connectivity हो, education हो या कृषि हो। मैं North-East के अष्ट-रत्नों में से पांच रत्नों से मिल चुकी हूं और तीन रत्न अभी बाकी हैं। मैं जहां भी गयी हूं वहाँ आज जैसे प्रकल्पों का उद्घाटन करने और शिलान्यास करने का मौका मिला। जो भी समस्याएं आज मुझे

**बताई गयी हैं उन्हें मैं ध्यान में रख कर ले जा रही हूं और आने वाले दिनों में हम सब मिलकर इन समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे। आप सभी को मेरी बहुत-बहुत शुभकामनाएं।**

**धन्यवाद,**

**जय हिन्द!**

**जय भारत!**